दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 15 अक्टूबर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 19

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदीप कुमार ने रेलवे बोर्ड में सदस्य का कार्यभार संभाला



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रदीप कुमार ने 11 अक्तूबर को रेलवे बोर्ड के सदस्य (सिग्नल और दूरसंचार) तथा पदेन प्रमुख सचिव, भारत सरकार का पदभार संभाल लिया है। इसके पहले प्रदीप कुमार ने एनएआईआर के महानिदेशक के रूप में काम किया था। वे 1981 बैच के भारत रेल सेवा (सिग्नल इंजीनियर-आईआरएसएसई) के अधिकारी हैं। प्रदीप कुमार ने रूड़की विश्वविद्यालय (अब आईआईटी, रूड़की) से इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार) में स्नातक तथा इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर (संचार प्रणाली) किया है। इसके अलावा उन्होंने वर्ष 2000 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साऊथ वेल्स की सदर्न क्रॉस यूनिवर्सिटी से एमबीए (विपणन एवं वित्त) भी किया है। वे 1983 में उत्तर रेलवे में शामिल हुए। उन्होंने उत्तर रेलवे, दक्षिण उत्तर रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, रेलवे बोर्ड और रेलटेल में काम कर चुके हैं।

### कार दुर्घटना में नैशनल लेवल के 4 हॉकी खिलाड़ियों की मौत, 3 घायल

**होशंगाबाद (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में भीषण सड़क हादसे की खबर है जिसमें राष्ट्रीय स्तर के चार हॉकी खिलाड़ियों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 69 पर होशंगाबाद और इटारसी के बीच हुआ। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, चारों मृतक ध्यानचंद हॉकी टूर्नामेंट खेलने मध्य प्रदेश आए थे। इटारसी की ओर जाते वक्त उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। कार में कुल 7 लोग सवार थे। तीन लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने आए कुछ खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था इटारसी में की गई थी। ये खिलाड़ी वहीं जा रहे थे कि रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। ये सभी हॉकी खिलाड़ी होशंगाबाद में चल रहे अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट में शामिल हुए थे।

### खादी ग्रामोद्योग को गेल से मिला 5.88 करोड़ का आर्डर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) से 5.88 करोड़ रुपये का ऑर्डर प्राप्त किया है, जो गेल के 23,504 कर्मचारियों के लिए खादी गिफ्ट कूपनों के रूप में है। गेल देश भर की अपनी सभी इकाईयों में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों को 2,500 रुपये का खादी गिफ्ट कूपन प्रदान करेगा। कर्मचारी इन कूपनों से खादी और ग्रामोद्योगों के उत्पाद खरीद सकेंगे। इस आशय के एक समझौते पर केवीआईसी और गेल ने 10 अक्तूबर को हस्ताक्षर किए थे। केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा प्राप्त होने वाले इस तरह के बड़े ऑर्डरों से न केवल दस्तकारों की आय में इजाफा होगा, बल्कि नये उद्यमी भी बेहतर रोजगार के लिए खादी ग्रामोद्योग से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि गेल, ओएनजीसी, आईईसी, आईओसी, एमआरपीएल, ओआईएल, जे.के. सीमेंट और बीईई द्वारा पिछले दिनों जो ऑर्डर मिले थे, उनका खादी दस्तकारों की आजीविका में बढ़ोत्तरी हुई और नये रोजगार के अवसर पैदा हुए। उल्लेखनीय है कि केवीआईसी ने पहली बार गिफ्ट कूपन योजना, 2017 में शुरू की थी और अब तक 89.29 करोड़ रुपये के गिफ्ट कूपन बेचे जा चुके हैं। इस साल के शुरूआत में केवीआईसी को ऑयल इंडिया लिमिटेड से 7.03 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला था। ओआईएल ने अपने 14,064 कर्मचारियों के लिए खादी गिफ्ट कूपन लिए थे। इसी तरह ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने भी अपने 800 कर्मचारियों के लिए 80 लाख रुपये के कूपन खरीदे थे।

## नीदरलैंड के राजा और रानी हुआ स्वागत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीदरलैंड के राजा विलियम एलेक्जेंडर और रानी क्वीन मैक्सिमा ने सोमवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की।

वह पांच दिनों की यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। नई दिल्ली के हवाई अड्डे पर शाही जोड़े का पारंपरिक स्वागत किया गया। इस दौरान कई अधिकारी भी मौजूद थे। 2013 में सत्ता पर काबिज होने के बाद यह विलियम एकेक्जेंडर की पहली भारत यात्रा है। वह राष्ट्रपति कोविंद, प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक करेंगे। दिल्ली में आधिकारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के अलावा राजा और रानी मुंबई और केरल की यात्रा भी करेंगे। शाही जोड़ा नई दिल्ली में 25वें प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में नीदरलैंड भागीदार देश है। 2018-19 में भारत और नीदरलैंड के बीच 12.87 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार कारोबार हुआ। नीदरलैंड 2000 और 2017 के बीच भारत में 23 बिलियन डॉलर निवेश करने की वजह से पांचवां सबसे बड़ा निवेशक बन गया है। नीदरलैंड में 235,000 प्रवासी भारतीय रहते हैं। यह संख्या यूरोप के किसी देश के मुकाबले ज्यादा है। उम्मीद है कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।



## जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में दो आतंकी गिरफ्तार



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सुरक्षाबलों को उस समय बड़ी कामयाबी हाथ लगी जब उन्होंने दो आतंकियों को पकड़ा। इन्हें नारानाग इलाके से काबू किया गया है। सुरक्षाबलों को इनके पास से एके 47 की मैगजीन और कुछ हैंड ग्रेनेड बरामद किए है। पकड़े गए दोनों आतंकी जम्मू कश्मीर के राजौरी के रहने वाले हैं। बता दें कि ये वही इलाका जहां तेरह दिन से सेना ने सर्च आपरेशन चला रखा है।

इलाके में और आतंकियों की तलाश के लिए सेना और सुरक्षाबलों की टीम का सर्च आपरेशन अभी भी जारी है। पुलिस का कहना है कि ये दोनों आतंकी लश्कर ए तैयबा के गाइड के रूप में काम करते थे। हाल ही में ये दोनों गुरेज सेक्टर पार करके यहां आए थे। लेकिन सुरक्षाबलों को इनके नारानाग के जंगलों में छिपे होने की सूचना मिली। यहां से ये आतंकी मध्य और दक्षिण कश्मीर की तरफ जा रहे थे।

इससे पहले इसी इलाके में हुई एक मुठभेड़ में सेना ने लश्कर के दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था।

## पाक से आ रहे ड्रोन को रोकने बीएसएफ खरीदेगा एंटी ड्रोन सिस्टम



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एंटी ड्रोन सिस्टम खरीदने का फैसला किया है। इस महीने बीएसएफकी मीटिंग के दौरान यह फैसला किया गया।

पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एंटी ड्रोन सिस्टम खरीदने का फैसला किया है। इस महीने बीएसएफ की मीटिंग के दौरान यह फैसला किया गया। इसको लेकर अब टेंडर जारी कर दिया गया है। बीएसएफके मुताबिक उसे 10 किलोमीटर रडार में किसी भी ड्रोन को ट्रैक करने की क्षमता वाला एंटी ड्रोन सिस्टम चाहिए, जो 360 डिग्री तक काम कर सके और दिन-रात नजर रख सके। गौरतलब है कि पाकिस्तान से सटे इलाकों में भारतीय सुरक्षा बलों को पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने की मंजूरी मिल गई है। अगर अब सीमा पर पाकिस्तान का ड्रोन 1000 फुट की ऊंचाई पर उड़ता दिखता है, तो भारतीय सुरक्षा बल उसको मार गिरा सकेंगे। हाल ही में पाकिस्तानी सेना की मदद से आतंकी संगठनों के ड्रोन के जरिए पंजाब में हथियारों और ड्रग्स की सप्लाई करने का मामला सामने आया था, जिसके बाद भारतीय सुरक्षा बलों को सीमा पर पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराने की मंजूरी मिली है। जम्मू-कश्मीर और पंजाब से सटी पाकिस्तानी सीमा पर भारतीय सेना और बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवान तैनात हैं.

### बालाकोट में ट्रेनिंग ले रहे जैश के आतंकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादियों का प्रशिक्षण लेना जारी है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान के खैबर पख्तूख्वा प्रांत में बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के लगभग 50 आतंकवादी प्रशिक्षण ले रहे हैं। आतंकवादी मुख्य रूप से आत्मघाती हमलावर हैं जिन्हें कश्मीर और अफगानिस्तान में हमले करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। भारतीय खुफिया एजेंसियां इस पर नजर रख रही हैं. वहीं, आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए बालाकोट से भेजा गया है. इन आतंकी ट्रेनिंग कैंप पर टेक्निकल सर्विलांस के जरिये बराबर नजर रखी जा रही है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि कुछ प्रशिक्षित आतंकियों को कश्मीर में सेना पर हमले के लिए रवाना किया गया है।

## गैस सिलेंडर फटने से दो मंजिला मकान ध्वस्त, अब तक 12 की मौत



**मऊ (आरएनएस)।** मोहम्दाबाद कोतवाली क्षेत्र के वलीदपुर गांव में रसोई गैस का सिलेंडर फटने से दो मंजिला मकान ध्वस्त हो गया. इस हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है. हादसे 12 अन्य घायल हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है.

पुलिस का कहना है कि मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है. हादसे में घायल 15 लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है. इलाज के दौरान 7 अन्य लोगों की भी मौत हो गई. जिस समय यह हादसा हुआ उस समय मकान में करीब दो दर्जन लोग मौजूद थे. फिलहाल राहत कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है.

घटना सुबह साढ़े सात बजे की है. सिलेंडर फटने के बाद मकान में आग लग गई, जिसे देखकर आस-पास के लोग मकान के अंदर घुसे. इसके बाद मकान भरभराकर गिर गया. अभी तक 12 लोगों के मरने की पुष्टि हो गई है, जबकि 12 अन्य घायल हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है. फिलहाल जेसीबी के माध्यम से मलबे को हटाने का काम चल रहा है. मौके पर एम्बुलेंस भी मौजूद है ताकि घयलों को जल्द से जल्द चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराई जा सके.

इस दर्दनाक घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के जिलाधिकारी और एसएसपी को मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है.

## भारत बना समावेशी विकास का रोल मॉडल: नकवी

**» एनएमडीएफसी ने मनाया रजत जयंती समारोह**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, दुनिया में समावेशी विकास-सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण का रोल मॉडल बन गया है।

केंद्रीय मंत्री नकवी ने सोमवार को यहां नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के रजत जयंती समारोह के मौके पर कहा कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है, जबकि पाकिस्तान अल्पसंख्यकों के लिए नर्क साबित हुआ है। नकवी ने कहा कि देश के हर जरूरतमंद तक बेहतर शिक्षा, रोजगारपरक कौशल विकास, आधारभूत सुविधाएँ पहुंचाने के लिए मोदी सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। मोदी सरकार की प्राथमिकता अल्पसंख्यकों सहित समाज के सभी जरूरतमंद तबकों को बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना और रोजगारपरक कौशल विकास के जरिये उनका आर्थिक सशक्तिकरण है। नकवी ने कहा कि एनएमडीएफसी ने पिछले 5 वर्षों में लगभग 3000 करोड़ रूपए 8 लाख 30 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को विभिन्न रोजगारपरक गतिविधियों, स्टैंड अप, स्टार्ट अप आदि के लिए किफायती दरों पर ऋण मुहैया कराये हैं। नकवी ने कहा कि मोदी सरकार-2 के पहले दिन से ही अल्पसंख्यक मंत्रालय जरूरतमंदों के शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मजबूती से काम कर रहा है। देश भर के मदरसों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों के 150 से ज्यादा मदरसा शिक्षकों को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा मुख्यधारा की शिक्षा की ट्रेनिंग दी गई है। नकवी ने कहा कि 6 अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों- जैन, पारसी, बौद्ध, ईसाई, सिक्ख एवं मुस्लिम समुदाय के 10 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं को प्री-मेट्रिक, पोस्ट-मेट्रिक, मेरिट-कम-मीन्स एवं अन्य स्कॉलरशिप्स दी गई हैं।

## भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण बेड़ा दारेस्लाम और जंजीबार के दौरे पर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना की समुद्रपारीय तैनाती के अंग के रूप में पहला प्रशिक्षण बेड़ा 14 से 17 अक्तूबर तक दारेस्लाम और जंजीबार का दौरा करेगा। इसके तहत भारतीय नौसेना पोत तीर, सुजाता और शार्दुल तथा भारतीय तटरक्षक पोत सारथी इसमें हिस्सा लेंगे। इस दौरे में भारतीय पोत 14 अक्तूबर को दारेस्लाम में और 15 से 17 अक्तूबर को जंजीबार में लंगर डालेंगे। प्रथम प्रशिक्षण बेड़े के वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन वरुण सिंह हैं, जो आईएनएस तीर के भी कमान अधिकारी हैं।

दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ के अधीन भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण बेड़ा कोच्चि में स्थित है। यह भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक सहित मित्र देशों के अफसर कैडेटों को प्रशिक्षण देता है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सीमैनशिप, नेवीगेशन, शिप-हैंडलिंग, बोट-वर्क और इंजीनियरिंग का प्रशिक्षण शामिल है, जो आईटीएस पोतों पर दिया जाता है। इसके अलावा पोत संचालन का प्रशिक्षण आईएनएस तरंगिणी और आईएनएस सुदर्शनी पर प्रदान किया जाता है।

अपने दौरे में प्रथम प्रशिक्षण बेड़े के वरिष्ठ अधिकारी, तंजानिया सरकार तथा तंजानिया जन-सुरक्षा बलों के अधिकारियों और विभिन्न विशिष्टजनों से मुलाकात करेंगे। सहयोग बढ़ाने के लिए तंजानिया जन-सुरक्षा बलों के साथ बातचीत की भी योजना है। उल्लेखनीय है कि तंजानिया और भारत के बीच पारम्परिक गहरे और मैत्रिपूर्ण संबंध हैं और दोनों देश लोकतंत्र तथा विकास के साझा मूल्यों पर सहयोग करते हैं। दोनों देशों के बीच नियमित रूप से उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और बातचीत होती रहती है, जिनमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग शामिल है।

## भारत विश्व भर में सबसे तेज मनोरंजन और मीडिया बाजार बना: पासवान

**» बीआईएस द्वारा आयोजित 60वें 'विश्व मानक दिवस**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री रामविलास पासवान ने आज नई दिल्ली में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा आयोजित 60वें 'विश्व मानक दिवस' का उद्घाटन किया। समारोह का विषय 'वीडियो स्टैंडर्ड्स क्रियेट ए ग्लोबल स्टेज' था। यह विषयवस्तु भारतीय संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि भारत विश्व भर में सबसे तेज बढ़ता मनोरंजन और मीडिया बाजार बन गया है। उम्मीद की जाती है कि 11 प्रतिशत से अधिक संयोजित वार्षिक विकास दर से इसका विकास होगा। इस शानदार विकास के आधार पर भारत में मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2023 तक 4,51,373 करोड़ रुपये का उद्योग बन जाएगा।

अपने अध्यक्षीय भाषण में रामविलास पासवान ने 60वें 'विश्व मानक दिवस' के अवसर पर बीआईएस के सभी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि हमारे पास विश्व में बेहतरीन प्रयोगशालाएं मौजूद हैं। उन्होंने बीआईएस का उत्साह-वर्द्धन करते हुए कहा कि संस्था को विश्व मानक स्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए तथा उसे विश्वास और समानता का पर्याय बनना चाहिए।

## दुनिया के सबसे सहिष्णु और संयुक्त लोकतांत्रिक देशों में से एक भारत :नायडू

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने जोर देकर कहा है कि जम्मू और कश्मीर के दो संघ शासित प्रदेशों में पुनर्गठन से समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा और सीमा पार से आतंकवाद के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी।

सिएरा लियोन की राजधानी फ्रीटाउन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि भारत का एक पड़ोसी देश इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों को मदद देकर, उकसाकर और आर्थिक सहायता देकर क्षेत्र में गड़बड़ी फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आतंक से जुड़ी घटनाओं में हजारों लोग मारे जा चुके हैं। उन्होंने आतंकवाद को मानवता का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और विश्व समुदाय से आग्रह किया कि वह उन देशों को अलग-थलग करने के लिए एकजुट हों, जो आतंकवाद को प्रायोजित कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करें कि इस तरह की गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता देने पर रोक लगे।

जम्मू-कश्मीर पर हो रहे नकारात्मक प्रचार पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रवासी भारतीयों से आग्रह किया कि वे सही तस्वीर प्रस्तुत करके दुष्प्रचार से प्रभावी तरीके से निपटें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुष्प्रचार को रोकने के लिए अभियान चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर के पुनर्गठन का हाल का फैसला इस क्षेत्र को सभी विकास कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने और राज्य के समग्र और चहुंमुखी विकास के इरादे से किया गया है।



संसद के दोनों सदनों द्वारा जम्मू और कश्मीर के पुनर्गठन से जुड़े प्रस्ताव को भारी बहुमत से पारित कर देने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया का एक वर्ग और निहित स्वार्थों से जुड़े कुछ लोग सच्चाई को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत कर रहे हैं।

इस बात पर जोर देते हुए कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1952 से राज्य की जनता स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में नेताओं को चुन रही है। तथापि अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधानों के कारण बहुत से कार्यक्रम राज्य की जनता तक नहीं पहुंच पा रहे थे। उन्होंने कहा,'संसद की मंजूरी लेने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अपनाकर सरकार ने साहासिक निर्णय किया है।'

नायडू ने प्रवासी भारतीयों को याद दिलाया कि भारत दुनिया के सबसे सहिष्णु और संयुक्त लोकतांत्रिक देशों में से एक है, जहां अल्पसंख्यकों सहित सभी समूहों के हितों का हमदर्दी और गहरे परिप्रेक्ष्य में ध्यान रखा जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश और रक्षा बलों के प्रमुख को सबसे प्रमुख अल्पसंख्यक समूह से निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि हम विचारों, अभिव्यक्ति और कार्य प्रणाली में एकता में अनेकता, बहु भाषावाद और अनेक धर्मों की तस्वीर पेश करते हैं।